# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## टेस्ट से संन्यास ले चुके रोहित और विराट नहीं खेलेगें 2027 वनडे वर्ल्ड कप ? पूर्व भारतीय कप्तान का बड़ा दावा।

Publisher

Published on 13 May 2025




### पूर्व भारतीय दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली 2027 वनडे वर्ल्ड कप मे नहीं खेलते दिखेगें. दोनों ने हाल ही मे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है.

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है. दोनों ही खिलाड़ी पहले ही टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट ले चुके हैं. दोनों अब बस वनडे क्रिकेट खेलते दिखेंगे. दो साल बाद 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है. माना जा रहा है कि दोनों विश्व कप खेलने के बाद रिटायरमेंट लेंगे. इस दौरान पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर का मानना है कि दोनों ही वनडे वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे.

रोहित ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान किया था. वहीं कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा है. दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था.

रोहित और कोहली अब बस वनडे क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे. दोनों ही खिलाड़ियों का लक्ष्य होगा कि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को जीतकर क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा की जाए. ऐसे में गावस्कर ने विश्व कप को मद्देनजर रखते हुए कहा है कि वो दोनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट का भाग नहीं होंगे.

खबर के मुताबिक गावस्कर ने कोहली और रोहित की तारीफ करते हुए कहा कि दोनों ही खिलाड़ी इस फॉर्मेट के बेहतरीन खिलाड़ी

रहे हैं. उन्होंने कहा कि लेकिन सवाल ये है कि क्या दोनों खिलाड़ी जिस तरह का खेल पिछले तीन साल से खेलते हुए आ रहे हैं, क्या वो आगे भी इसी तरह खेल पाएंगे ?

गावस्कर ने कहा कि, "वे खेल के इस फॉर्मेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रहे हैं, फिर से, सिलेक्शन कमिटी शायद 2027 वनडे वर्ल्ड कप पर नजर रखी रहेगी, वे देखेंगे क्या वे 2027 वनडे विश्व कप की टीम में शामिल हो पाएंगे ? क्या वे जिस तरह से योगदान देते आ रहे हैं, उस तरह योगदान दे पाएंगे ? यही सिलेक्शन कमिटी की सोच होगी. अगर सिलेक्शन कमिटी सोचती है, हां वे सक्षम हैं, तो दोनों ही वहां होंगे."

गावस्कर से उनका पर्सनल ओपिनियन भी पूछा गया, उन्होंने कहा कि "नहीं, मुझे नहीं लगता कि वे खेलेंगे. मैं बहुत ईमानदारी से कह रहा हूं. लेकिन किसको पता है, अगले साल या आगे, लगातार शतक लगाते रहे, तो भगवान भी उन्हें नहीं निकाल सकता."

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.